दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। बुधवार 15 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 215 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# केदारनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़

**नई दिल्ली।** उत्तराखण्ड में केदारनाथ धाम की यात्रा को शुरू हुए 4 दिन बीत चुके हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। हाल ही में आए एक ताजे आंकड़े के मुताबिक, 4 दिन की यात्रा में केदारनाथ मंदिर के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 1 लाख के पार हो चुकी है।



**4 दिन की यात्रा में एक लाख के पार पहुंचा भक्तों का आंकड़ा**

उत्तराखण्ड में 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन से चारधाम यात्रा की शुरूआत हुई थी। यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट अक्षय तृतीय के शुभ अवसर पर खोले गए थे। श्रद्धालुओं में चारधाम यात्रा को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि अब तक 1 लाख से भी ज्यादा लोग केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। पिछले कई दिनों से उत्तराखण्ड में हल्की बर्फबारी और बारिश जैसी गतिविधियां देखने को मिल रही है, लेकिन इसके बावजूद भी भक्तों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। हालांकि, प्रशासन की तरफ से यात्रियों को सावधानी पूर्वक सफर करने की हिदायत दी गई है। यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के अलावा 12 मई को बद्रीनाथ धाम के भी कपाट खोल दिए गए थे।

# पिंक बूथ प्रभारियों की बैठक में फिर हुई टेंशन, एक प्रभारी की जवाब देने में थी ज्यादा ही अटेंशन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मंगलवार को पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, दिनेश कुमार पी, डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव और एसीपी पूनम मिश्रा ने देहात जोन के अंतर्गत आने वाले पिंक बूथ प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में महिला अपराध की कानून स्थिति को सुधारने ,कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत करने और महिलाओ के सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ बीते कुछ दिनों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ ही पिंक बूथ के लिए स्टेशनरी और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव पास किया गया है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि एक पिंक बूथ प्रभारी से जब आलाधिकारियों ने जवाब मांगा तो वह कुछ ज्यादा ही बोल गई थीं। जिसके बाद मामला टेंशन वाला हो गया बताया जाता है।

## कम प्रार्थना पत्र आने को लेकर हुई चर्चा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत महिला अपराध नियंत्रण के लिए शुरू किए गए पिंक बूथ को लेकर अधिकारियों ने समीक्षा बैठक थी।

पुलिस लाइन में हुई समीक्षा बैठक के दौरान कमिश्नरेट के कई आलाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान आलाधिकारियों ने कई पिंक बूथ पर कम प्रार्थना पत्र आने को फटकार लगाई तो आवश्यक वर्किंग को सुधारने की भी निर्देश दिए हैं।

## किस पिंक बूथ प्रभारी ने दे दिया ज्यादा जवाब

करंट क्राइम : कई बार जरुरत से ज्यादा बोला ठीक नहीं होता है और मामला बिगड़ भी जाता है। ऐसा ही मामले बैठक के दौरान का बताया जा रहा है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस लाइन में हुई पिंक बूथ प्रभारियों की बैठक के दौरान देहात जोन में पिंक बूथ की एक प्रभारी अधिकारियों को अपना स्पष्टीकरण देते देते लंबा जवाब देने लगी। जिसको लेकर अधिकारी नाराज हो गए थे। इस प्रकरण के बाद मीटिंग के दौरान कुछ देर के लिए मामला टाइट और टेंशन वाला हो गया था। ऐसी जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई ह। वहीं बताया जा रहा है पूरा मामला कमिश्नरेट के सबसे नई सर्किल के पिंक बूथ की प्रभारी का है।

## जब उठा कंप्यूटर और प्रिंटर का मुद्दा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों की पिंक बूथ वाली बैठक चल रही थी। इसमें अधिकारियों ने पूछा कि महिला उपनिरीक्षक कैसे काम करती हैं। तो जवाब दिया गया कि कंप्यूटर नहीं हैं।

महिला उप निरीक्षक अपने लैपटॉप पर काम करती हैं। जिसके बाद प्रिंटर का मुद्दा उठा। इसको लेकर आलाधिकारियों की ओर से निर्देश दे दिए हैं कि जल्द ही पिंक बूथ के लिए अलग-अलग जोन में प्रिंटर मुहैया कराए जाएंगे।

# बसपा चीफ मायावती का बड़ा ऐलान : सत्ता में आए तो बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाएंगे



**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तो वह बुंदेलखंड क्षेत्र को एक अलग राज्य बनाएंगी। उत्तर प्रदेश के झांसी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अलग बुंदेलखण्ड राज्य बनाने की मांग होती रही है। अगर हमारी सरकार (केंद्र में) बनी तो हम इस संबंध में सकारात्मक कदम उठाएंगे। बुंदेलखंड को अलग राज्य जरूर बनाया जाएगा। दरअसल, बुंदेलखंड एक पहाड़ी क्षेत्र है जो दक्षिण पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के 13 जिलों में फैला हुआ है। उत्तर प्रदेश के 7 जिले - बांदा, महोबा, हमीरपुर, ललितपुर, झांसी, जालौन और चित्रकूट और मध्य प्रदेश के 8 जिले - दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह और पन्ना इस क्षेत्र में आते हैं। बसपा प्रमुख ने यह भी दावा किया कि अगर लोकसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों और ईवीएम के साथ छेड़छाड़ न की जाए तो मौजूदा भाजपा नीत एनडीए के लिए सत्ता में वापसी करना आसान नहीं होगा।

मायावती ने कहा, पिछले कुछ साल से बीजेपी और उसके सहयोगी अधिकांश राज्यों में केंद्र में सत्ता में हैं। जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण और प्रतिशोधी नीतियों और उनकी कार्यशैली के कारण और महत्वपूर्ण अंतर के कारण उनके कार्यों और शब्दों से अब ऐसा लगता है कि उनके लिए केंद्र में सत्ता में लौटना आसान नहीं होगा, बशर्ते ये चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों।

# 'राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एनआरआई हैं', सीएम योगी ने साधा निशाना



**बांदा।** लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए बांदा पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को 'एनआरआई' बताया है। उन्होंने साथ ही कांग्रेस के 'न्याय पत्र' (मेनिफेस्टो) को 'अन्याय पत्र' करार दिया। सीएम योगी ने कहा, राहुल गांधी और प्रियंका एनआरआई हैं। कांग्रेस का न्याय पत्र भारत के प्रति अन्याय पत्र है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2010 में जब यूपीए की सरकार थी, कांग्रेस की सरकार थी तब इन्होंने (राहुल गांधी ने) अमेरिका के एक अधिकारी से कहा था कि मुझे भारत के अंदर आईएसआई से डर नहीं है। मुस्लिम कट्टरपंथियों से डर नहीं है। आतंकवादियों से डर नहीं है। मुझे तो भारत के अंदर हिंदुओं से डर है। उन्होंने कहा, यानि हिंदुओं को बदनाम करता है ये व्यक्ति (राहुल गांधी) और फिर आप ही से वोट मांगेंगे

कांग्रेस के एक नेता के 'विरासत टैक्स' वाले कथित बयान पर भी सीएम योगी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस का विरासत टैक्स ऑरंगजेब के जजिया टैक्स जैसा है। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर भी टिप्पणी की और कहा, देश धार्मिक आधार पर आरक्षण को मंजूर नहीं कर सकता।

सीएम योगी नेकहा, पिछले दस वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर हर क्षेत्र में बदलाव आया है। देश के अंदर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। मोदी जी के नेतृत्व में यूपी में पिछली बार से बड़ी विजयी होगी।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमारे एटम बम फ्रीज में रखने के लिए नहीं हैं। ये नया भारत है किसी को छेड़ता नहीं है लेकिन अगर कोई हमें छेड़े तो किसी को छोड़ता भी नहीं है।

# मुंबई के यूनिपोल हादसे का लिया मेयर सुनीता दयाल ने संज्ञान कहा, अगर किसी ने लगाया है अवैध यूनिपोल तो वो हो जाये सावधान

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुंबई को सोमवार को एक बड़ा हादसा हुआ। जब विज्ञापन के लिए लगाये गये विशालकाय यूनिपोल ने 15 लोगों की जान ले ली और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गये। दरअसल मुंबई में सोमवार को मौसम खराब होने के बाद चली हवा से एक विशालकाय यूनिपोल गिर गया। इस यूनिपोल की चपेट में आकर 15 लोगों की मौत हो गई और 15 से ज्यादा लोग घायल हो गये। जब जांच हुई तो पता चला कि इतना बड़ा यूनिपोल अवैध रूप से लगा हुआ था और किसी को ये पता ही नहीं था। यूनिपोल गाजियाबाद में भी लगे हैं और यूनिपोल की अवैधता और अवैधता को लेकर सवाल खड़े हुए है और यूनिपोल को हटाने को लेकर गाजियाबाद में अभियान चले है। कई अवैध यूनिपोल को काटा गया है कई बार ये अभियान चला है। कुछ घटनाऐं ऐसी भी हुई है जब ये यूनिपोल गिरे है लेकिन यहां इतनी बड़ी दुर्घटना नहीं हुई । बताते हैं

कि गाजियाबाद में अवैध यूनिपोल हटाये जाने के बाद फिर लग जाते हैं। मुबंई के यूनिपोल हादसे का गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल ने संज्ञान लिया है।



## तूफान से पहले हमें होना है सुरक्षा को लेकर सावधान : सुनीता दयाल



करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि वह इस बात के लिए लगातार प्रयासरत हैं कि महानगर की जनता को असुविधा ना हो। बारिश के मौसम से पहले ही नालों का निर्माण और नालों की सफाई का काम चल रहा है। जल भराव और जल निकासी के लिए काम हो रहा है। इसी तरह आंधी और तूफान आने से पहले ही नगर निगम को सावधान होना होगा। ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जायेगा जहां यूनिपोल लगे हैं। जहां ऐसे होर्डिंग लगे हैं जो आंधी में गिरकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। मेयर ने कहा कि इस तरह की कमियां दूर की जायेंगी और यूनिपोल से लेकर बड़े विज्ञापन पट में आम जनता की सुरक्षा का ध्यान रखा जायेगा और यदि इस दिशा में संचालक की कमी पाई जाती है तो सख्त कार्यवाही होगी। मैं खुद मौके पर जाकर जांच कराऊंगी।

उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि अगर गाजियाबाद में कोई अवैध यूनिपोल लगा है तो उसे लगाने वाले सावधान हो जायें। उन्होनें कहा कि अवैध यूनिपोल किसी भी कीमत पर नहीं लगने दिये जायेंगे। वह खुद यूनिपोल की जांच करा रही हैं। इस बात की भी गिनती होगी कि गाजियाबाद में कितने वैध यूनिपोल लगे हैं। अगर किसी ने अवैध यूनिपोल लगाया है अब उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। एक भी अवैध यूनिपोल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभी भी मौका है कि अवैध यूनिपोल वाले अपने यूनिपोल हटा ले वरना फिर यूनिपोल हटेगा भी और कटेगा भी, इसके अलावा यूनिपोल लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

## सुरक्षा के मानकों का हो पालन और जन सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : मेयर

**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि गाजियाबाद में भी कई स्थानों पर यूनिपोल लगे हैं। उन्होंने कहा कि जो यूनिपोल अवैध हैं उन्हें हटाया जायेगा और जो यूनिपोल वैध है उनकी गुणवत्ता की जांच की जायेगी।

यूनिपोल लगाने वाली कंपनी से भी कहा गया है कि यूनिपोल लगाने में सुरक्षा मानकों का पालन किया जाये। उच्च स्तर की गुणवत्ता रखी जाये। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन करवाना और जनसामान्य की सुरक्षा को सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

# लोनी के छह लोगों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हापुड़ में सड़क हादसे 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में आ गई। फिर सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार कई मीटर तक घिसटती चली गई। सभी दोस्त कैंची धाम के दर्शन करने के लिए निकले थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार से शवों और घायलों को निकाला। पुलिस के मुताबिक, हादसा सोमवार रात करीब साढ़े 12 बजे हुआ। कार गाजियाबाद से मुरादाबाद की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर

शेष, पृष्ठ 6

## लोनी सड़क हादसे पर किया अतुल गर्ग ने शोक व्यक्त



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी में हुए सड़क हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शहर विधायक तथा गाजियाबाद से भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने शोक व्यक्त किया है। अतुल गर्ग ने सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह शोक की इस घड़ी में हादसे में मारे गये लोगों के शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि हादसे में मारे गये लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवारों के साथ हूं। यह समय दुख व्यक्त करने का और क्षेत्र के लोगों के साथ खड़े होने का है। संकट की इस घड़ी में मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति शोक व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सभी शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे। लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने कहा कि यह एक दर्दनाक हादसा है और वह परिजनों के साथ हैं।



# महागुन मेंशन फेस 1 सोसायटी परिसर में काटे गए 24 हरे-भरे पेड़

**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वैभव खंड स्थित महागुन मेंशन फेस 1 सोसायटी के परिसर में मंगलवार को 24 हरे-भरे पेड़ काट दिये गए। पेड़ काटने से नाराज लोगों ने आपत्ति जताई और पुलिस भी बुलाई गई। सोसायटी की दीवार एक वर्ष पहले यहां गिरी थी, इसके पुनर्निमाण के लिए पेड़ काटने की अनुमति वन विभाग ने दी थी। पेड़ काटे जाने पर स्थानीय लोगों ने अपनी नाराजगी जताई। आरडब्ल्यूए का कहना है कि इस मामले में वन विभाग से पेड़ काटे जाने की अनुमति ली थी। आरडब्ल्यूए ने दीवार बन जाने के बाद काटे गए पेड़ के स्थान पर नए पौधे लगाने की बात कही है। स्थानीय निवासी मुनीष जैन का कहना है कि कल जब पेड़ काटे जा रहे थे लोगों के पूछे जाने पर उन्होंने कहा दीवार बनवानी है। इस मामले को लेकर 112 पर कॉल की तभी पुलिस आई और आरडब्ल्यूए के ऑफिस गई, पुलिस ने जब पेड़ काटने वालों से बात की तो उन्होंने बताया कि पेड़ काटने की परमिशन है। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने की जगह पेड़ को बचाया भी जा सकता था। दीवार को करने के लिए सोसायटी की सुरक्षा ठीक बात है, लेकिन पेड़ काटने की बात कहां तक ठीक है।

हर भरे पेड़ हैं, 20 से 25 वर्ष पुराने पेड़ हैं। वहीं उन्होंने बताया कि ग्रीन बेल्ट तक की तो छंटाई नहीं होती, लेकिन जीडीए की मशीन सोसायटी के अंदर पेड़ों की कटाई कर रही है यह कहां की उचित बात है। इस मामले को लेकर पूर्व पार्षद अभिनव जैन से बात की गई तो उन्होंने कहा महागु मेंशन फेस वन की दीवार 1 साल पहले टूट गई थी। यदि पेड़ काटने की बात है, तो पहले ही काट देते एक साल का इंतजार क्यों किया। स्टेट बैंक मैनेजर राजीव कुमार का कहना है कि सोसायटी की सुरक्षा के लिए दीवार बनाई जा रही है जिस कारण पेड़ों की कटाई की जा रही है। साथ ही 240 नई पौध लगाने की तैयारी की जा रही है।







# वैशाली सेक्टर 6 में पानी की टंकी लीक, नगर आयुक्त से की शिकायत



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वैशाली सेक्टर 6 में पानी की टंकी लीकेज है, जिसकी शिकायत सुनील वेद ने नगरायुक्त व जीएम जलकल को की है। उनका कहना है कि पानी की टंकी लीकेज से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। लीकेज से अब तक लाखों लीटर पानी बर्बाद हो चुका है। जहां देश पानी की कमी से गुजर रहा है, प्रदेश के मुख्यमंत्री देश के प्रधानमंत्री का कहना है कि पानी की बूंद बूंद कीमती है लेकिन हमारे यहां गाजियाबाद में पानी की बर्बादी बड़े जोर शोर से हो रही है। नगर निगम कोई उचित कार्रवाई नहीं कर रहा है। लीकेज होने से पानी पानी इकट्ठा होता है और मलेरिया फैलने का खतरा बना रहता है।

# सर्किल रेट से हाउस टैक्स लगाने को लेकर पार्षद नीरज गोयल ने नगरायुक्त को लिखा पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड-88 के पार्षद नीरज गोयल ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर सर्किल रेट से हाउस टैक्स लगाये जाने के निगम के निर्णय पर आपत्ति जताई है। पत्र में पार्षद नीरज गोयल ने कहा है कि उन्हें जानकारी मिली है कि निगम ने गत 1 अप्रैल से निगम क्षेत्र के सभी मकानों व प्रतिष्ठानों पर सर्किल रेट से हाउस टैक्स लगा दिया है, यहां तक कि जो व्यक्ति निगम से 2024-25 का हाउस टैक्स जमा करने के लिए बिल बनवा रहे हैं उन सभी बिलों को बढ़ी दरों से निर्धारण किया जा रहा है ।



नीरज गोयल ने बताया कि जनवरी 2024 को भी मेरे द्वारा एक आपत्ति पत्र नगर आयुक्त को दिया गया था। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा इस समय सर्किल रेट के हिसाब से हाऊस टैक्स को निर्धारित करना वास्तव में जल्दबाजी होगा जब कि इस समय आचार संहिता भी लगी हुई है। वर्ष 2023-24 में 10 प्रतिशत की हाउस टैक्स में वृद्धि की गयी थी इस वर्ष भी 5 प्रतिशत ही वृद्धि होनी थी। प्रदेश में सब से कम दर पर गाजियाबाद में हाउस टैक्स लिया जाता है लेकिन सबसे पहले निगम क्षेत्र के प्रत्येक घर पर नियमित टैक्स लगाना चाहिए। निगम क्षेत्र में कोई घर हाउस टैक्स लगने से छूटना नहीं चाहिए। नीरज गोयल ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार सर्किल रेट पर कर निर्धारण का प्रस्ताव पूर्व की बोर्ड बैठक में खारिज हो चुका है, वर्तमान में भी इस तरह का कोई प्रस्ताव बोर्ड में पास नही हुआ है और ना ही इस विषय पर कोई चर्चा हुई है। मुझे लगता है इस तरह से कर लगाया जाना बहुत जल्दबाजी का निर्णय होगा।

## झगड़े में बीच बचाव कर रहे युवक को भीड़ ने धुना

**लोनी,करंट क्राइम।** दो पक्षों के बीच हो रहे झगड़े में बीच बचाव करना युवक को भारी पड़ा। दोनों पक्ष मौके से चले गए, लेकिन वहां एकत्र लोगों ने उनकी जमकर धुनाई कर डाली,उसने नाले में कूदकर जान बचाई। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। बागपत जनपद के बड़ोत निवासी मिंटू ने बताया कि सोमवार देर शाम बड़ोत जाने के लिए रोडवेज बस में बैठा था। बलरामनगर तिराहे के पास बस चालक का ऑटो चालक से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हो गई। वह बस से नीचे उतरकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने लगा। बीच बचाव के बाद बस और ऑटो चालक तो मौके से चले गए, लेकिन वहां एकत्र लोगों ने उसकी जमकर धुनाई कर डाली उसने किसी तरह नाले में कूदकर जान बचाई।

# होनहार छात्रा आलिया ने 98.6 प्रतिशत अंक लाकर डासना का नाम किया रोशन

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** कोशिश आखिरी सांस तक करनी चाहिए। मंजिल मिले या तजुर्बा दोनों ही नायाब हैं। ऐसा ही कर दिखाया है गाजियाबाद के डासना निवासी हामिद अली एडवोकेट की पोती आलिया फिरोज ने। सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10 वीं में 98.6 प्रतिशत अंक लाकर व गणित और विज्ञान के विषय में 100 में से 100 अंक लाकर रेयान इंटरनेशनल स्कूल सहित डासना के साथ साथ अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है। आलिया फिरोज रेयान इंटरनेशनल स्कूल डासना गाजियाबाद की छात्रा है जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में रात दिन लगन से मेहनत की और उन्हें कामयाबी हासिल हुई। आपको बता दें कि सोमवार को सीबीएसई बोर्ड का कक्षा 12 और 10 का परिणाम घोषित हुआ जिसमें कस्बा डासना निवासी हामिद अली एडवोकेट की पोती ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। जैसे ही क्षेत्र के लोगों को और रिश्तेदारों को आलिया के रिजल्ट के बारे में जानकारी मिली तो हामिद अली एडवोकेट और उनके परिवार को बधाइयां मिलनी शुरू हो गई और सोशल मीडिया पर भी लोगों ने जमकर बधाइयां दीं।



| SUB CODE | SUB NAME | THEORY | I.A / PRACTICAL | TOTAL | POSITIONAL GRADE |
|---|---|---|---|---|---|
| 184 | ENGLISH LNG & LIT. | 077 | 020 | 097 | A1 |
| 085 | HINDI COURSE-B | 078 | 020 | 098 | A1 |
| 041 | MATHEMATICS STANDARD | 080 | 020 | 100 | A1 |
| 086 | SCIENCE | 080 | 020 | 100 | A1 |
| 087 | SOCIAL SCIENCE | 078 | 020 | 098 | A1 |
| | Result : PASS | | | | |

# महिला अपहरण मामले में एचडी रेवन्ना को अदालत ने दी सशर्त जमानत

**बेंगलुरु।** महिला के अपहरण मामले में घिरे जेडी-एस नेता एचडी रेवन्ना जेल से बाहर निकल आए हैं। बता दें कि एचडी रेवन्ना हासन सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के पिता हैं। जेडी-एस विधायक पर आरोप था कि उन्होंने एक महिला का अपहरण किया और उसके बाद प्रज्ज्वल ने उस महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में एचडी रेवन्ना ने बंगलूरू की विशेष अदालत में याचिका दायर की थी। अदालत ने 13 मई को मामले में सुनवाई करते हुए जेडी-एस नेता को सशर्त जमानत दी थी।

**रेवन्ना को जमानत के लिए पांच लाख रुपये का मुचलका भरना होगा। इसके अलावा वह फिलहाल देश से बाहर नहीं जा सकते। इसके अलावा एचडी रेवन्ना इस मामले से जुड़े पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते।**



### इन शर्तों पर मिली है जमानत

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी रेवन्ना को महिला के अपहरण के मामले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट मामले की सुनवाई करते हुए रेवन्ना को सशर्त जमानत दी थी। जेडी-एस विधायक को जमानत देने के साथ अदालत ने कुछ शर्तें भी रखी हैं। कोर्ट ने कहा कि रेवन्ना को जमानत के लिए पांच लाख रुपये का मुचलका भरना होगा। इसके अलावा वह फिलहाल देश से बाहर नहीं जा सकते। इसके अलावा एचडी रेवन्ना इस मामले से जुड़े पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते।

छह दिन जेल में रहने के बाद जब एचडी रेवन्ना बाहर निकले, तो उनके समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद जेडी-एस विधायक अपने पिता एचडी देवेगौड़ा से मिलने गए।

**रेवन्ना को क्यों गिरफ्तार किया गया था? :** एचडी रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था।

महिला के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। बेटे ने यह भी आरोप लगाया कि विधायक एच डी रेवन्ना के बेटे प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। इस मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रज्ज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए महिला का अपहरण किया गया था।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक पद पर सुप्रिया भारद्वाज की नियुक्ति



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने सुप्रिया भारद्वाज को अपना राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त किया है। पार्टी ने तत्काल प्रभाव से सुप्रिया भारद्वाज को यह जिम्मेदारी सौंपी है। सुप्रिया भारद्वाज के पास मीडिया इंडस्ट्री में काम करने का 16 साल का अनुभव है और वह कई प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के साथ काम कर चुकी हैं। सुप्रिया भारद्वाज से पहले कांग्रेस का राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक का पद राधिका खेड़ा संभाल रहीं थी, लेकिन बीते दिनों उनके भाजपा में शामिल होने के बाद से यह पद खाली था।

राधिका खेड़ा बीते हफ्ते ही भाजपा में शामिल हुई हैं। राधिका खेड़ा ने बीते दिनों छत्तीसगढ़ में उनके साथ कथित दुर्व्यवहार होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था।

राधिका खेड़ा ने दावा किया था कि उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सामने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार का मामला उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक पद पर सुप्रिया भारद्वाज की नियुक्ति का आदेश पवन खेड़ा ने जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुप्रिया भारद्वाज ने मास्टर ऑफ मास कम्युनिकेशन की डिग्री के साथ ही बीबीए की भी डिग्री हासिल की है।

# केंद्र ने लिट्टे पर लगा प्रतिबंध फिर बढ़ाया गृह मंत्रालय ने बताया खतरा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 की धारा 3 की उप धारा (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया। मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि लिट्टे अभी भी उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।




**मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि लिट्टे अभी भी उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।**

बता दें कि मई 2009 में श्रीलंका में अपनी सैन्य हार के बाद भी, लिट्टे ने अपनी ईलम अवधारणा को नहीं छोड़ा। यह गुप्त रूप से धन जुटाकर ईलम के लिए काम कर रहा है। दरअसल, ईलम का अर्थ तमिलों के लिए एक स्वतंत्र देश है। लिट्टे के नेताओं और कैडरों ने फिर एक बार अपने कार्यकताओं को एकत्रित कर स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू किए हैं।

मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया कि लिट्टे समर्थक जनता के बीच अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं। ये विशेष रूप से तमिलनाडु में लिट्टे के लिए समर्थन को जुटा रहे हैं। इससे भारत की क्षेत्रीय अखंडती पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

भारत ने 14 मई को 1992 में को लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था। उसके बाद से इस प्रतिबंध को बढ़ाया जा रहा है।

इससे पहले यूरोपीय संघ, कनाडा और अमेरिका ने भी इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था। बता दें कि साल 1987 में भारतीय शांति सेना उत्तरी श्रीलंका में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से वहां गई लेकिन वहां लिट्टे के साथ युद्ध में उसके करीब 1,200 जवान मारे गए थे।

## आईडीएमसी की रिपोर्ट में दावा

# भारत में वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदाओं की वजह से पांच लाख लोग विस्थापित

**नई दिल्ली।** भारत में 2023 में बाढ़, तूफान, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से पांच लाख से ज्यादा लोगों को विस्थापित करना पड़ा। एक वैश्विक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह आंकड़ा वर्ष 2022 के आंकड़े से काफी कम है। 2022 में प्राकृतिक आपदाओं की वजह से भारत में करीब 25 लाख लोगों को विस्थापित करना पड़ा था।



2023 में दिल्ली में 27,000 लोग विस्थापित किए गए- आईडीएमसी

जिनेवा के आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में दिल्ली को बाढ़ विस्थापन का हॉट स्पॉट बताया गया है। 9 जुलाई 2023 को यमुना नदी में बाढ़ आने की वजह से अधिकारियों को कई घर खाली करवाने पड़े थे। आईडीएमसी के कहना है कि 2023 में यमुना में आई बाढ़ के दौरान करीब 27,000 लोगों को विस्थापित किया गया था। 9 जुलाई 2023 को दिल्ली में 24 घंटे के भीतर 153 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। यह वर्ष 1982 के बाद दिल्ली में एक दिन में हुई सबसे ज्यादा बारिश थी।


**आईडीएमसी की रिपोर्ट में दावा :** आईडीएमसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि जून 2023 में असम में प्राकृतिक आपदाओं के कारण 20 जिले प्रभावित हुए और लगभग 91,000 लोग विस्थापित किए गए। इसके अलावा 2023 में अरब सागर में बिपरजॉय तूफान की वजह से गुजरात और राजस्थान में करीब 105,000 विस्थापन हुए।

### दक्षिण एशिया में आए तूफान का असर

रिपोर्ट में बताया गया है कि इसी वर्ष (2023) दक्षिण एशिया में करीब 37 लाख लोगों को विस्थापित किया गया, वर्ष 2018 में यह आंकड़ा 36 लाख था। आईडीएमसी के शोधकताओं ने बताया कि 2023 में दक्षिण एशिया में आए मोचा तूफान की वजह से बांग्लादेश में 13 लाख लोगों को विस्थापित किया गया। यह भी बताया कि दक्षिण एशिया में 2023 में आया तूफान पिछले वर्षों जितना ताकतवर नहीं था। ऐसा अल नीनो की वजह से हुआ लेकिन, इसके बाद भी तूफान का असर कई जगह दिखा।

# अब नहीं आएंगे पर्सनल लोन-क्रेडिट कार्ड के फर्जी कॉल और मैसेज, सरकार जल्द लाने जा रही नए नियम

**नई दिल्ली।** आपके मोबाइल पर दिनभर में आने वाले बैंकिंग फ्रॉड काल्स पर सरकार ने पूरी तरह से रोक लगाने की तैयारी कर ली है। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार की नई गाइडलाइन बहुत ही सख्त होगी। इससे फर्जी स्पैम कॉल पर रोक लग सकेगी।



**ऐसा माना जा रहा है कि सरकार की नई गाइडलाइन बहुत ही सख्त होगी। इससे फर्जी स्पैम कॉल पर रोक लग सकेगी।**

दरअसल, सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्केटिंग कंपनियां हर बार स्पैम कॉल्स या बिजनेस कॉल्स के लिए कोई न कोई तरीका निकाल लेती हैं। इससे पहले भी टेलीकॉम सेक्टर के नियामक ट्राई ने सभी कंपनियों को कॉल के साथ नाम दिखाने का निर्देश दिया था। लेकिन कुछ कंपनियों को छोड़ किसी ने इस निर्देश का ठीक से पालन नहीं किया। ट्राई ने स्मार्टफोन निमार्ताओं को भी यह निर्देश दिया था कि वे भी अपने डिवाइस में यूजर्स को इस तरह के फीचर्स दें। ताकि आम लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो।

इसी वर्ष की शुरूआत में डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स ने स्पैम कॉल्स को रोकने के लिए एक समिति बनाई थी। इस कमेटी ने स्पैम कॉल्स को कंट्रोल करने के लिए नए दिशानिर्देश को लेकर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। 10 मई को लेकर एक बैठक भी हुई। इसमें टेलीकॉम डिपार्टमेंट, ट्राई, डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स की सचिव निधि खरे, सेलुलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बीएसएनएल, वोडाफोन, रिलायंस और एयरटेल के अधिकारी शामिल हुए थे।

कमेटी की इस बैठक में यह चर्चा हुई कि किस तरह के फोन कॉल्स को स्पैम कॉल की कैटेगरी में रखा जाए। इनमें अवैध कॉल्स और मैसेज की परिभाषा भी तय की गई है। समिति ने नए नियम को लेकर विस्तृत चर्चा कर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब इसे डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स की अंतिम मुहर लगना बाकी है।

बैठक में इस कमेटी ने यूजर्स की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्वीकार किया कि अनचाहे और असमय कॉल्स से यूजर्स को बड़ी परेशानी होती है। इस पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है। ट्राई और टेलीकॉम डिपार्टमेंट इस तरह के कॉल्स को कंट्रोल करने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मार्केटिंग कंपनियों ने हर बार नया रास्ता ढूंढ लिया है। लेकिन इस बार कमिटी इसे लेकर सख्त नियम बना रही है। समिति इसके लिए बैंक, फाइनेंशियल कंपनियों, इंश्योरेंस कंपनियों और ट्रेडिंग कंपनियों को डिजिटल कंटेंट एक्वीजीशन सिस्टम विकसित करने का आदेश भी दिया गया है। यांनी इसके बाद, ग्राहक खुद तय करेंगे कि उनके नंबर पर कॉल्स आने चाहिए या नहीं।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





नई दिल्ली।। बुधवार 15 मई -2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गाजियाबाद के सपाइयों ने आगे आकर बताया अपने बूथ का नंबर

## अब देखना होगा कौन करेगा बूथ नंबर बताने का ओपन चैलेंज स्वीकार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में लोकसभा का चुनाव खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव बीटने के बाद अलग-अलग चुनावी समीकरण और गणित लगाए जा रहे हैं। अमूमन देखा जाता है कि सपा वाले यूथ दावा करने से दूर रहते हैं लेकिन इस बार का मामला चुनाव में कुछ अलग नजर आ रहा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ मजबूती से चुनाव लड़ा, तो अब पार्टी के युवा चेहरे भी जीत का दावा कर रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी के युवा नेताओं से लेकर वरिष्ठ सपाईयों से उनके बूथ को लेकर जानकारी हासिल की। तो उन्होंने खुलकर जवाब दिए और बताया कि बूथ के साथ वह विधानसभा पर भी जीत हासिल करेंगे। समाजवादी पार्टी के युवा चेहरों का बूथ वाला कॉन्फिडेंस बता रहा है कि मामला इस बार कुछ अलग होता नजर आ रहा है। अब देखना होगा बूथ को लेकर लोकसभा चुनाव का परिणाम आने पर कौन इसको लेकर डटा रहेगा और कौन पीछे हाथ खीचेंगा।




### इन युवा नेताओं ने बताया बूथ का नंबर

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष नाजिम चौधरी हैं। उन्होंने दैनिक करंट क्राइम को बताया है कि उनका बूथ संख्या 442 है और विधानसभा शहर लगती है। इसी के साथ विवेक त्यागी महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी ने बताया कि उनका बूथ संख्या-765 है और विधानसभा उनकी मुरादनगर क्षेत्र लगती है। इस दौरान रविंद्र यादव यूथ के नेता है, उनसे बातचीत की गई तो उनका नंबर आउट ऑफ कवरेज एरिया बता रहा था। साथ ही विक्की ठाकुर छात्र सभा से जुड़े हुए हैं। उनका फोन भी व्यस्त मिला।

### क्या अन्य समाजवादी लेंगे बूथ वाला ओपन चैलेंज

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी का कॉन्फिडेंस इस चुनाव में हाई लग रहा है और यहीं वजह है कि उनके कार्यकर्ता और पदाधिकारी चुनावी विषय पर खुलकर बोल रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम को अब देखना है कि समाजवादी पार्टी के अलग-अलग कौन से ऐसे नेता हैं जो अपने बूथ का चैलेंज स्वीकार करते हुए बूथ नंबर बताएंगे और फिर 4 जून को जब मतगणना हो रही होगी तो अपने बूथ के डाटा पर वह अडिग रहेंगे। देखना होगा कि आने वाले दिनों में कौन से समाजवादी पार्टी के नेता खुलकर आगे आते हैं और दैनिक करंट क्राइम का बूथ वाला ओपन चैलेंज स्वीकार करते हैं।




### नदियापार के सपाइयों ने भी दिखाया जोश

करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम ने वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी से बातचीत की, तो उन्होंने अपना बूथ संख्या 126 बताया और साहिबाबाद उनकी विधानसभा है।

उन्होंने जीत को लेकर पूरी संभावना जताई है। वहीं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व महिला राज्य आयोग की पूर्व सदस्य राजदेवी चौधरी ने भी बूथ वाला चैलेंज स्वीकार करते हुए बताया है कि उनका बूथ संख्या 454 था और केंद्र प्राइमरी पाठशाला करहैड़ा साहिबाबाद विधानसभा है। इसी के साथ पूर्व पार्षद कल्लन ने बताया है कि उनका बूथ संख्या 417 था और एकता मॉडल पब्लिक स्कूल विधानसभा साहिबाबाद में उनका मतदान केंद्र रहा। वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं का कॉन्फिडेंस बता रहा है कि इस बार गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने जोर लगाकर गठबंधन के साथ जोरदार चुनाव लड़ा है। अब देखना है कि 4 जून को क्या स्थिति बनती है।

## पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उठाया क्षेत्र के पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सवाल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने वार्ड 39 में स्थित भाटिया पोट्रीज द्वारा भूजल प्रदूषण का आरोप लगाया है और उन्होंने एनजीटी यानी राष्ट्रीय हरित अधिकरण निगम के चेयरमैन को पत्र लिखा है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पत्र में वार्ड 39 नासिरपुर में स्थित उस फैक्ट्री का नाम लिया है जो क्राकरी का निर्माण करती है और जिसमें जानवरों की हड्डियां तथा कैमीकल के माध्यम से क्राकरी के रॉ मैटिरियल को शुद्ध किया जाता है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पत्र में कहा है कि इस फैक्ट्री का अशुद्ध जल कहां जाता है इस विषय में कोई जानकारी नहीं है। ये जल धरती में समा रहा है या कंपनी इस जल को रिवर्स बोरिंग के माध्यम से धरती में डाल रही है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने आरोप लगाया है कि भाटिया पोट्रीज के आसपास के क्षेत्र में जल प्रदूषित और बदबूदार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां का पानी पीने योग्य नहीं है और इस फैक्ट्री के आस पास के लोग यदि आरओ से शुद्ध करने के बाद भी पानी पीते हैं तो बदबू दूर नहीं होती और स्थानीय निवासी बीमार हो रहे हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने एनजीटी के चेयरमैन से अनुरोध किया है कि इस क्षेत्र में पानी के सैम्पल लेकर जांच की जाये। हिमांशु लव ने कहा कि अगर जल ही शुद्ध नहीं मिलेगा तो इस क्षेत्र की जनता कहां जाकर रहेगी। उन्होंने इस विषय को गंभीर बताते हुए अपने पत्र की प्रतिलिपि डीएम और नगर आयुक्त को भी भेजी है।






## सामाजिक चिंतक हर प्रसाद गुप्ता ने मतदान को लेकर रखी अपनी बात

**कहा जो देशहित-जनहित में करे काम उसके पक्ष में करें मतदान**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आईएमई कॉलेज के चेयरमैन हर प्रसाद गुप्ता एक प्रखर राष्ट्रवादी, सामाजिक चिंतक और निडर वक्ता भी हैं। वो आध्यात्म की भावना से ओतप्रोत हैं और समाज सेवा से लेकर धर्म सेवा तक अपनी भागीदारी निभाते हैं। मतदान को लेकर हर प्रसाद गुप्ता ने अपनी बात रखी है और उन्होंने कहा है कि 2024 के चुनाव के पहले चरण में लगभग 60 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले हैं यानी कि कुल वोटरों की संख्या के लगभग आधे लोगों ने अपना वोट डाला है। देश की सरकार को चुनने के लिए क्या यह संख्या कम नहीं है।

ये संख्या सभी उम्मीदवारों (नोटा को मिलाकर) को डाले गये वोट हैं। जिसको भी दो तिहाई के लगभग वोट मिलेगें वही राज करेगा यानि कि 140 करोड़ जनसंख्या की आशाओं, अपेक्षाओं, मुसीबतों आदि से निपटने के लिए लगभग 40 प्रतिशत वोटरो के वोटों से चुने नेताअ अपनी सरकार बनाकर निपाटन करेंगे।

उनके वादों का क्या कहेंगे जो आपको दिखाने के लिए जनता को कहे गये हैं। संसद से सड़क तक दिखावे के लिए हैं आपको लगेगा बहुत काम करेंगे, वादे पूरे करेंगे क्योंकि कम वोटों के पड़ने पर भी सरकारें बनी हैं। इसलिए हर पार्टी अपने लिए खास (जाति) वोटरों की संख्या का इंतजाम पहले ही रखती है। तब आम वोटरों या नए वोट देने वालों की परवाह किस को होगी। इसलिए पार्टी का आंकलन उसके बीते काल (वर्षों) जो काम जनता के लिए और देश हित के लिए कर रहे हैं उसके अनुसार ही अपने मत का प्रयोग करें। खोखले वादे करने वाले जिनकी सरकार बनेगी या नहीं पर निर्भर है उनके वायदे पर यकीन करके उन्हें वोट करना बेकार साबित हो सकता है। भविष्य के लिए जो लुभावने वादे हैं उनसे दूर रहें। क्योंकि आपने देखा कुछ पार्टी उन वादों को पूरा करती ही नहीं तथा कुछ पार्टियों की सरकारें ही नहीं बनती तो ऐसी पार्टियों के लिए आम आदमी अपना मत क्यों खराब करें।

> **'2024 के चुनाव के पहले चरण में लगभग 60 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले हैं यानी कि कुल वोटरों की संख्या के लगभग आधे लोगों ने अपना वोट डाला है। देश की सरकार को चुनने के लिए क्या यह संख्या कम नहीं है।'**



## एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना की बेटी इलिशा ने किया परिवार का नाम रोशन

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड में हासिल की ए-प्लस ग्रेड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एडिशनल सीपी आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना की बेटी इलिशा श्रीवास्तव ने सीबीएसई 10वीं कक्षा बोर्ड में ए- प्लस ग्रेड लाकर परिवार का नाम रोशन किया है। इलिशा श्रीवास्तव गौतमबुद्धनगर के सेक्टर-30 दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। वह पढ़ाई में बेहद अव्वल हैं और उन्होंने बेहतर अंक लाकर स्कूल का नाम भी रोशन किया है। इलिशा को इंग्लिश, संस्कृत, मैथ, साइंस और सोशल साइंस में बेहतर अंक हासिल हुए हैं। जिसके बाद उनकी मां कल्पना सक्सेना और पिता आलोक श्रीवास्तव ने उनको बधाई दी। साथ ही बेटी के सुनहरे भविष्य की कामना भी की।

### देश की सेवा करना है इलिशा का सपना

करंट क्राइम : दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर-30 नोएडा गौतमबुधनगर की छात्रा इलिशा श्रीवास्तव ने इंग्लिश भाषा में जहां 97, संस्कृत में 100, मैथमेटिक्स में 92, साइंस में 97 और सोशल साइंस में 98 अंक हासिल किए हैं। जिसके आधार पर उनका ग्रेड ए-प्लस प्राप्त हुआ है। इलिशा का सपना है कि वह भविष्य में देश के लिए नाम रोशन करें और प्रमुख सेवाओं में अपना योगदान दें। वो कहती हैं कि देश की सेवा करना ही उनका मकसद है। जिसके लिए वह भविष्य में जी तोड़ मेहनत करेंगी।



## हापुड़ चुंगी से लेकर मिसलगढ़ी तक चलेगा ऑपरेशन अतिक्रमण

### सड़क के दोनों ओर खिचेंगी लाइन और ठेले वालों पर लगेगा फाइन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेयर सुनीता दयाल इन दिनों पूरी तरह से फार्म में हैं और वो लगातार सड़क पर उतरकर निरीक्षण कर रहीं हैं। सड़क पर उनका कड़क अंदाज दिखाई दे रहा है। सूत्र बताते हैं कि अब मेयर के रडार पर हापुड़ चुंगी वाली सड़क के किनारे हो रहा अतिक्रमण आ गया है।

हापुड़ चुंगी से लेकर चिंरजीव विहार के मोड और हरसांव तक सड़क के दोनों ओर कहीं फल वालों ने अतिक्रमण कर रखा है कहीं फेरी वाले बैठते हैं। इससे यातायात जाम तो होता ही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि अब इन अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलने वाला है। ये अभियान हापुड़ चुंगी से लेकर शुरू होगा और सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ चलेगा।

मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि उनके संज्ञान में इस सड़क पर होने वाला अतिक्रमण पहले से है। अब अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। मेयर ने कहा कि ये अभियान परमानेंट चलेगा और पुलिस को साथ लेकर चलेगा। सड़क के दोनों ओर लाईन खींची जायेगी और जो भी वेंडर लाईन के इस पार खड़ा होगा उस पर कार्यवाही होगी। सभी को इस लाईन के पीछे रहना है।



### सड़क चौड़ी कराने का भी नहीं मिला फल

करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम ने इस सड़क के चौड़ीकरण पर काफी पैसा खर्च किया है। सड़क का चौड़ीकरण किया गया लेकिन यहां लगने वाले अवैध फल के ठेलों ने सड़क चौड़ीकरण का कोई फल आम जनता को मिलने ही नहीं दिया। सड़क चौड़ीकरण यातायात के लिए किया गया था ना कि व्यापार के लिए। अब ऐसे लोगों के साथ सख्ती के साथ पेश आया जायेगा। सड़क चौड़ी होने के बाद भी उस सड़क पर अवैध अतिक्रमण करने वाले बैठे हैं।





### वाहन चालकों को जूझना पड़ा है परेशानी से

करंट क्राइम। हापुड़ चुंगी से शुरू हुआ ये अतिक्रमण मिसलगढ़ी तक जाता है। सड़क के किनारे फलवाले खड़े हैं और कई बार वाहन चालक अक्सर फल लेने के लिए सड़क पर ही कार खड़ी कर देते हैं या अचानक अपनी कार मोड़ लेते हैं, रोक लेते हैं जिसके चलते सड़क हादसे होने की आशंका बढ़ जाती है। वाहन चालकों को यहां परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर पहले से ही ठेले वाले मौजूद हैं और फिर उस पर वाहन वाले भी वाहन रोक कर फल खरीदते हैं। नतीजा ये होता है कि चौड़ीकरण के बावजूद वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण की वजह से दुर्घनाएं होती हैं और कई बार तो जाम भी लग जाता है।

## संपादकीय

# छात्राओं की कामयाबी की धमक

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई के नतीजे इस वर्ष भी उत्साहजनक रहे। इन परिणामों के आंकड़ों के विश्लेषण के साथ-साथ इसके सामाजिक पहलू पर भी चर्चा स्वाभाविक है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार चले आ रहे रुख के मुताबिक इस वर्ष भी दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी। हालांकि छात्रों की सफलता का अनुपात भी काफी अच्छा है, मगर आगे होने के जो मानक तय किए गए हैं, उसमें लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं के नतीजों में कुल 87.33 फीसद विद्यार्थी पास हुए। इस बार 91.52 फीसद लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जो लड़कों से 6.40 फीसद ज्यादा है। इसी तरह, दसवीं की परीक्षा में भी 94.75 फीसद लड़कियां सफल हुईं, जो लड़कों के मुकाबले 2.04 फीसद अधिक है।

जाहिर है, एक बार फिर लड़कियों ने यह साबित किया है कि यह महज अवसर मिलने की बात है। वे हर मोर्चे पर साबित कर सकती हैं कि एक पुरुष प्रधान समाज में उनकी क्षमताएं कहीं भी लड़कों से कम नहीं हैं। पढ़ाई-लिखाई के तमाम क्षेत्रों में यही देखा गया है कि लड़कियों को जहां भी मौका मिला है, वे लड़कों के मुकाबले अपेक्षा कम संसाधनों में भी बेहतर नतीजे देती हैं। इसका एक मतलब यह भी निकलता है कि सामाजिक स्तर पर कई तरह की वंचना और बाधाओं के बीच भी वे खुद को बेहतर साबित कर सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि जन्म से लेकर बाद के जीवन तक में पढ़ाई-लिखाई से लेकर हर क्षेत्र में उनके सामने किस-किस तरह की अड़चनें आती रही हैं। लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रहों और संकीर्ण सोच वाले परिवार और समाज आमतौर पर उनके प्रति सहयोगात्मक रुख नहीं अख्तियार करते हैं।

हालांकि वक्त बदलने के साथ काफी संख्या में माता-पिता अब अपनी बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई और उनके बेहतर भविष्य को लेकर सजग हैं और उन्हें प्रोत्साहन देते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर होना इस बात का सबूत है। मगर लड़कियों की कामयाबी की यह धमक सार्वजनिक जीवन के अन्य क्षेत्रों में कम दिखती है। सरकार और समाज को इस पहलू पर सजग होना होगा।

# थोक महंगाई दर 13 महीने के उच्चतम स्तर पर, अप्रैल में 1.26% हुआ आंकड़ा

**नई दिल्ली।** थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 13 महीने के उच्चतम स्तर 1.26% पर पहुंच गई। मार्च में यह 0.53% थी। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। जानकारों ने थोक महंगाई दर 1% पर रहने का अनुमान जताया था। थोक महंगाई दर में यह इजाफा खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के कारण है।




### आलू-प्याज की थोक कीमतों में इजाफा

अप्रैल महीने में प्याज की कीमतों की वृद्धि दर 59.75% रही जो मार्च महीने में 56.99% थी। वहीं आलू के मामले में कीमतों की वृद्धि दर 71.97% रही, मार्च महीनें में यह 52.96% थी। एक साल पहले से तुलना करें तो उस दौरान प्याज की कीमतों में 5.54% की नरमी आई थी, वहीं आलू की कीमतों में 30.56% का इजाफा हुआ था। खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर सालाना आधार पर 5.52% बढ़ी, मार्च महीने में यह 4.7% की दर से बढ़ी थी। मासिक आधार पर मार्च महीने के 0.95% की तुलना में इसमें 1.94% का इजाफा हुआ। सरकार के अनुसार अप्रैल महीने में थोक महंगाई दर में इजाफा मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, बिजली, क्रूड पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस, उत्पादित खाद्य पदार्थों और अन्य उत्पादित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है।

### थोक महंगाई का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए हढकको कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। हढकमें ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

**क्रूड पेटोलियम के थोक भाव भी बढ़े :** अप्रैल 2024 में क्रूड पेटोलियम की थोक महंगाई दर पिछले साल के 1.64% के मुकाबले बढ़कर 4.97% पर पहुंच गईं। प्राथमिक वस्तुओं की थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में बढ़कर 5.01% हो गई, जो पिछले महीनें में 4.51% थी। प्राथमिक वस्तुओं के अंतर्गत खाद्य पदार्थों, सब्जियों और खनिजों की कीमतें आती हैं।

**खुदरा महंगाई दर में आई नरमी :** विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में 0.42 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि पिछले महीने में इसमें 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई थी। ईंधन और बिजली की कीमतों में मार्च में 0.77 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 1.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पहले सांख्यिकी मंत्रालय ने सोमवार को खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भी जारी किए, जिसके अनुसार खुदरा महंगाई दर (उढक) सालाना आधार पर 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत पर आ आ गई, जबकि पिछले महीने में यह 4.85 प्रतिशत थी।

# पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला, हलफनामा दाखिल करने का दिया समय

**नई दिल्ली।** पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को हलफनामा दाखिल करने के लिए समय भी दिया है। इस हलफनामे में पतंजलि को यह बताना है कि उसने भ्रामक विज्ञापनों और उन दवाओं को वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए हैं, जिनके लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।



जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बीती 7 मई को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर लोगों को प्रभावित करने वाले किसी प्रोडक्ट या सर्विस का विज्ञापन भ्रामक पाया जाता है तो इसके लिए सेलिब्रिटीज और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को भी समान रूप से जिम्मेदार ठहराया जाए। आईएमए ने अपनी याचिका में कहा है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ नकारात्मक प्रचार किया। याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा पतंजलि भ्रामक दावे करके देश को धोखा दे रही है कि उसकी दवाएं कुछ बीमारियों को ठीक कर देंगी, जबकि इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है। हालांकि कोर्ट के आदेश बावजूद पतंजलि की तरफ से प्रिंट मीडिया में कथित भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित कराए गए। इस पर 3 जनवरी 2024 को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही करने को लेकर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को नोटिस जारी किया।

अवमानना नोटिस जारी करने के बावजूद बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की तरफ से जवाब नहीं दिया गया। इस पर कोर्ट ने दोनों को सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने माफीनामा जारी किया, लेकिन कोर्ट ने माफीनामा खारिज कर दिया।

# उड़ान रद्द होने से अस्पताल में भर्ती पति से नहीं मिल सकी महिला, घर पहुंची मौत की खबर

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान रद्द होने के कारण एक महिला ओमान के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती अपने पति को मौत से पहले आखिरी बार नहीं देख सकी। उसके परिवार ने यह आरोप लगाया है। अमृता नाम की महिला ने मस्कट में अपने पति से मिलने के लिए आठ मई का टिकट बुक कराया था, लेकिन यहां हवाई अड्डे पहुंचने पर उसे बताया गया कि उड़ान रद्द हो गई है। हवाई अड्डे पर इसका विरोध करने पर उन्हें अगले दिन एक अन्य उड़ान का टिकट दिया गया, लेकिन दुर्भाग्य से, उसे भी रद्द कर दिया गया और उन्हें अपनी यात्रा की योजना पूरी तरह से छोड़नी पड़ी। ओमान से उनके पति की मौत की खबर उनके पास पहुंची।

अमृता की मां ने एक टीवी चैनल को बताया, यह इतना अनुचित था कि वह अपने पति को आखिरी बार नहीं देख सकी। हमने एयरलाइन से किसी और विमान में जगह देने के लिए विनती की ताकि हम उन्हें (अमृता के पति को) आखिरी बार देख सकें। लेकिन उन्होंने (एयरलाइन ने) कुछ नहीं किया।

# 'एआई जॉब मार्केट को कर रहा प्रभावित'

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉजीर्वा ने हाल ही में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जॉब मार्केट को नाटकीय रूप से बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह बाजार को 'सुनामी की तरह' प्रभावित कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगले दो वर्षों में, एआई विकसित देशों में 60 प्रतिशत नौकरियों और दुनिया भर में 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। जॉजीर्वा ने इन परिवर्तनों के लिए तैयार होने के महत्व पर जोर दिया।



> अगले दो वर्षों में, एआई विकसित देशों में 60 प्रतिशत नौकरियों और दुनिया भर में 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित कर सकता है।
> **क्रिस्टालिना जॉजीर्वा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख**

उसने कहा, हमारे पास लोगों को इसके लिए तैयार करने के लिए बहुत कम समय है, इसके लिए व्यवसायों को तैयार करने में बहुत कम समय है। एआई के जरिए हम कितना उत्पादन करते हैं उसे बढ़ा सकते हैं और चीजों को और अधिक कुशल बना सकते हैं। लेकिन यह झूठी जानकारी को भी बढ़ा सकता है और आमदनी के अंतर को व्यापक बना सकता है। उन्होंने एआई का अधिकतम लाभ उठाने के लिए सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

जॉजीर्वा ने कहा, अगर हम इसे अच्छी तरह से प्रबंधित करते हैं, तो यह उत्पादकता में जबरदस्त वृद्धि ला सकता है, लेकिन इससे अधिक गलत सूचना और निश्चित रूप से, हमारे समाज में अधिक असमानता भी हो सकती है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

बिहारी ससुर अपने दामाद को पटियाला पैग पकड़ाते हुए भोजूपरी में कहा...
ससुर- बेटा, पियत हो का...
दामाद- आज सुबह से श्री गणेश किया हूं...
इसे खत्म कर लेते हैं...फिर अपनी वाली निकालता हूं...
ससुर बहोश...

---

समोसे में लड़की का बाल देखकर पप्पू बोला...
पप्पू- भइया तुम्हारे समोसे में लड़की का बाल है।
समोसे वाला- तो 10 रुपए में क्या पूरी लड़की निकलेगी?

---

पति- क्या देख रही हो?
पत्नी- कुकिंग शो।
पति- दिन भर कुकिंग शो देखा करती हो, खाना बनाना तो फिर भी नहीं आया तुम्हें।
पत्नी- आप भी तो कौन बनेगा करोड़पति देखते रहते हैं, तो कौन सा करोड़पति बन गए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

# म्यूचुअल फंड एसेट में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी हुई 40,324 करोड़




**सिक्किम के आंकड़े इसमें नहीं हैं शामिल**

नई दिल्ली। देश में कुल म्यूचुअल फंड परिसंपत्तियों (एसेट) में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी चार साल में दोगुनी से अधिक होकर मार्च, 2024 में 40,324 करोड़ रुपये पहुंच गई। इक्रा एनालिटिक्स की रिपोर्ट में कहा गया है, यह आंकड़ा छोटे शहरों व कस्बों के निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड में निवेश करने की बढ़ती चाहत का संकेत मिलता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के तहत कुल औसत संपत्तियों (एएयूएम) में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड व त्रिपुरा की संयुक्त हिस्सेदारी मार्च, 2020 में 0.67 फीसदी थी।

यह मार्च, 2024 में बढ़कर 0.73 फीसदी हो गई। इसमें सिक्किम के आंकड़े शामिल नहीं हैं। मार्च, 2020 में इन राज्यों का संपत्ति आधार 16,446 करोड़ रुपये था, जो इस साल मार्च में बढ़कर 40,324 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# लोनी के छह लोगों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

## स्पीड और जल्दबाजी बनी हादसे का सबब

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हापुड़ में सड़क हादसे 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में आ गई। फिर सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार कई मीटर तक घिसटती चली गई। सभी दोस्त कैंची धाम के दर्शन करने के लिए निकले थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार से शवों और घायलों को निकाला। पुलिस के मुताबिक, हादसा सोमवार रात करीब साढ़े 12 बजे हुआ। कार गाजियाबाद से मुरादाबाद की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंच गई। उस समय कार की रफ्तार काफी तेज थी।

### हाईवे पर लगा रहा कई किलोमीटर लंबा जाम

लोगों ने बताया, हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर 1 घंटे तक करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम की वजह से राहगीर घंटों फंसे रहे। पुलिस ने वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात को सही कराया। हादसे में जान गंवाने वाला रोहित सैनी (33) ड्राइवर था। अनूप सिंह (38) एक टूर एंड ट्रेवेल्स से जुड़ा था। संदीप (35) कार वॉशिंग का काम करता था। निक्की जैन (33) टाइल्स की दुकान पर नौकरी करता था। राजू जैन खिलौने की दुकान पर काम करता था और विपिन सोनी कारपेंटर था। वहीं सचिन की हालत गंभीर है।

### कार काटकर निकाले गए शव

(करंट क्राइम)। ग्रामीणों ने बताया, वाहनों की तेज टक्कर की आवाज से हमारी नींद खुल गई। तुरंत मौके पर पहुंचे। सबसे पहले पुलिस को सूचना दी, फिर कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने लगे। लेकिन कार इतनी बुरी तरह से डैमेज थी कि लोगों को निकालना मुश्किल था। इसके बाद पुलिस आई। उन्होंने हमारे साथ मिलकर लोगों को निकालने की कोशिश की। पुलिस ने थक-हारकर गैस कटर मंगाया। कार को काटकर सभी को निकाला गया। पुलिस एम्बुलेंस से उन्हें लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने 6 को मृत घोषित कर दिया। वहीं सचिन पुत्र राम किशन निवासी डालूहेड़ा की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया।

### कैंची धाम के लिए निकले थे दोस्त, टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार

(करंट क्राइम)। मृतक अनूप के भाई अक्षय ने बताया, ये सभी दोस्त रात करीब साढ़े 8 बजे घर से बाबा नीब करौली कैंचीधाम के लिए निकले थे। रात 12 बजे मेरे पास हापुड़ पुलिस के एक इंस्पेक्टर का फोन आया और हादसे की जानकारी दी। कार में कुल 7 लोग थे। 6 की मौत हुई है। सातवें की हालत गंभीर है। अभी हमें ये पता नहीं चल सका है कि हादसा कैसे हुआ। जब सातवें घायल की हालत कुछ ठीक होगी, तब ही वो बताने की स्थिति में आ पाएगा। हालांकि गाड़ी का एक टायर फटा हुआ है। इससे ये आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार कार का टायर अचानक फटा और कार इससे अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार दूसरी साइड चली गई, जहां वो सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी।

## लोनी में छाया रहा मातम, बंद रहीं टाईल्स मार्किट



**लोनी (करंट क्राइम)।** सोमवार देर रात लखनऊ हाईवे पर हापुड के पास हुए सड़क हादसे में लोनी के छह युवकों की मौत से लोनी में कोहराम मच गया। पूरे इलाके में मातम का माहौल है। हादसे में एक टाइल्य व्यापारी की भी मौत हुई है। जिसके चलते मंगलवार को टाइल्स पत्थर मार्किट बंद रही और मृतकों के घर सारा दिन सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। सोमवार रात गुलाब वाटिका कॉलोनी निवासी निक्की उर्फ तरूण जैन 33 पुत्र स्व अनिल जैन, गिरी मार्किट कॉलोनी निवासी संदीप 37 और उसका भाई सचिन 30, पुत्रगण स्व रामकिशन, न्यू विकास नगर कॉलोनी निवासी रोहित 33 पुत्र स्व रामकिशन, नवीन कुंज कॉलोनी निवासी अनूप सिंह 38 पुत्र करतार सिंह, न्यू विकास नगर कॉलोनी निवासी विपिन सैनी तथा राजू जैन 36 अनूप के दोस्त धर्मेन्द्र की कार में सवार होकर नैनीताल के पास नीम करौली बाबा के मंदिर जा रहे थे। रात में करीब 12 बजे उनकी कार लखनऊ हाईवे पर हापुड़ जनपद के अल्लाबख्शपुर गांव के सामने डिवाइडर से टकराकर सड़क के दूसरी ओर जाकर पलट गई और तेज गति से आ रहे ट्रक की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसमें सचिन घायल हो गया था जबकि अन्य सभी छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने कार को काटकर शव निकाले थे। सचिन को उपचार के लिए मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार सुबह हादसे की सूचना मिलते ही लोनी में कोहराम मच गया। तरुण जैन की टायल पत्थर की दुकान है। जिसके चलते मंगलवार को बलरामनगर की टॉयल पत्थर मार्किट बंद रही।

### निक्की जैन की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी

(करंट क्राइम)। लोनी की गुलाब वाटिका गली न0 सात के रहने वाले निक्की उर्फ तरुण जैन बलरामनगर की पत्थर मार्किट में दुर्गा मार्बलस के नाम से टॉयल पत्थर की दुकान चलाते थे। उनकी दो वर्ष पूर्व वंशिका से शादी हुई थी। उनकी एक वर्ष की एक बेटी है।

### कारपेंटर का काम करता था विपिन वर्मा

(करंट क्राइम)। न्यूविकास नगर कॉलोनी निवासी विपिन वर्मा कारपेंटर का काम करता था। उसके पिता लख्मीचंद की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। परिवार में मां कौशल, पत्नी कोमल के अलावा बेटी आशी 8, बेटा वेदांग 7 तथा बेटी कशिश 6 हैं।

### मां का इकलौता सहारा था राजू जैन

(करंट क्राइम)। हादसे में मौत का शिकार हुए न्यू विकास नगर कॉलोनी के राजू उर्फ राजकुमार जैन अपनी मां का इकलौता सहारा था। उसकी मौत के बाद मां का रो रोकर बुरा हाल है।

### दोनों भाई हुए हादसे का शिकार

(करंट क्राइम)। लोनी की गिरी मार्किट कॉलोनी निवासी संदीप 36 और उसका भाई सचिन 30 पुत्रगण स्व0 रामकिशन बंथला बंद रेलवे फाटक के पास वाहनों का सर्विस सेन्टर चलाते थे। सडक हादसे में संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संदीप के परिवार में पत्नी मधु के अलावा तीन बेटे नींव 11, केशव 9, लक्ष्य 8 तथा सचिन के परिवार में पत्नी हिमानी के अलावा दो बेटे कृष्णा 5 और हर्षित दो वर्ष हैं। उनके पिता की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। जबकि मां राजकुमारी का रो रोकर बुरा हाल था।

### टूर ट्रैव्लस का काम करता था अनूप

(करंट क्राइम)। नवीन कुंज कॉलोनी निवासी अनूप टूर एंड ट्रैव्लस का काम करता था। उसके परिवार में पिता करतार सिंह, मां कमलेश, पत्नी मोनिका, बेटा दिपांशु 15, बेटी दीपांशी 13 तथा बेटा वीर 9 है।

### अध्यापक की कार चलाता था रोहित

(करंट क्राइम)। न्यूविकास नगर कॉलोनी निवासी रोहित शाहदरा में एक अध्यापक की कार चलाता था। उसके पिता रामकिशन की कई वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। उसके परिवार में मां शांति देवी के अलावा पत्नी मनीषा तथा तीन वर्ष की बेटी आहरवी और डेढ वर्ष की सृष्टि है।

## सैंतली कम्पोजिट स्कूल में एचआरआईटी के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य स्वच्छता पर किया कार्यक्रम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सैंतली कंपोजिट स्कूल में एचआरआईटी के छात्र- छात्राओं ने एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, स्वच्छता, और पर्यावरण के मामलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया गया। सैंतली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अंजुल अग्रवाल और डॉ. वैशाली अग्रवाल, वाइस-चेयरमैन और मैनेजिंग डाइरेक्टर एचआरआईटी द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम का समायोजन डॉ. शबनम जैदी, वरुण त्यागी, श्रीमती मोना त्यागी और डॉ. रंजना शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर जनरल वी के जैन, समूह निदेशक डॉ. एन.के. शर्मा, डॉ. नवनीत शर्मा और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल भूषण ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



स्कूल की छात्राएं नितिका, मुस्कान, राधा बी टेक और हिमांशी, पूजा, निकिता, जूही, नेहा, विजयलक्ष्मी, फरहत, सदाफ, शालू, श्वेता, ममता और काजल बी फार्म ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से एचआरआईटी की छात्राओं ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, और पर्यावरण संबंधित मुद्दों पर जागरूकता और बढ़ावा देने के साथ समाज को भी आत्मनिर्भरता और पर्यावरण के प्रति सचेत रहने के गुरु बताये।

## नगर आयुक्त ने पर्यावरण सुधार के लिए उद्योग बंधु से की सहयोग की अपील









**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर निगम ने औद्योगिक क्षेत्रों में विभागीय कार्यवाही की गति को बढ़ा दिया है। इसी क्रम में निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, प्रकाश विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने को कमर कस ली है। नगर आयुक्त के निर्देश पर पांचों जोन में सुविधाओं को दुरुस्त करते हुए विभागीय अधिकारी कार्य कर रहे हैं, प्राथमिकता के आधार पर स्थान का चयन करते हुए कार्य किया जा रहा है। नियमित सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए कवि नगर जोन अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए गाड़ियों की टाइमिंग बढ़ाई गई है, मोहन नगर जोन के अंतर्गत प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। कवि नगर में भी निर्माण विभाग तथा उद्यान विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कार्य रफ्तार से कराए जा रहे हैं। प्रकाश विभाग द्वारा आनंद इंडस्ट्रियल एरिया मोहन नगर में अभियान चलाकर हाई मास्क तथा अन्य लाइटों को व्यवस्थित करते हुए मरम्मत की गई, लोहा मंडी कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया, बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया व अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए कूड़ा उठान को व्यवस्थित कराया जा रहा है। बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में रोड का निर्माण भी कराया गया है, इसी प्रकार एयर क्वालिटी के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की कई सड़कों का सुधार कराया गया है।



गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग औद्योगिक क्षेत्र में भी विशेष कार्यों को प्रमुखता से कर रहे हैं तथा शहर को प्रदूषणमुक्त करने का प्रयास जारी है। नगर आयुक्त द्वारा जहां निगम के सभी विभागों को औद्योगिक क्षेत्र में कार्यों पर विशेष जोर कहा गया है वहीं उद्योग बंधुओं से भी पर्यावरण सुधार को लेकर विशेष सहयोग की अपील भी की गई है। शहर को प्लास्टिकमुक्त बनाने तथा नियमित पानी के छिड़काव को अपने स्तर से भी करने के लिए कहा गया है।

## भाजपा नेता इंद्रजीत टाइगर को जन्मदिवस पर मिली खूब बधाई









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंद्रजीत टाइगर का व्यवहार राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में काफी व्यावहारिक बताया जाता है। यही वजह है कि उन्होंने अपने इसी व्यवहार के बूते क्षेत्र का समर्थन एवं प्यार अर्जित किया है। मंगलवार को इंद्रजीत टाइगर ने अपना 52वां जन्मदिवस काफी सादगीपूर्ण तरीके से मनाया। जन्मदिवस की बधाई देने वालों का ताँता सुबह से लेकर शाम तक उनके आवास पर लगा रहा। इंदरजीत टाइगर ने अपने अवतरण दिवस पर मिले इस प्यार के लिए शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया। श्री टाइगर के समधी एवं पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी और वुडहिल ग्रुप के डायरेक्टर विवेक भाटी ने भी उनको जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।




## कौन टू-स्टार चल रहा है ओवर लोड

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से एक खास ऑफिस की चर्चा कम होने का नाम नहीं ले रही है। ताजा जानकारी यह मिल रही है कि यहां एक टू-स्टार पर आजकल ओवरलोड चल रहा है। बीते दिनों एक खास कार्यालय से एक के बाद एक कई थ्री और टू-स्टार पैदल किए गए हैं। इसके बाद एक टू-स्टार पर वर्क का ओवरलोड बताया जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कहा जा रहा है कि वह बंगले से लेकर कार्यालय तक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। तो वहीं फोन वाला काम भी उन्हीं के पास चल रहा है। कार से लेकर कार्यालय तक वो साथ में रहते हैं। इसी के साथ वह सर्विलांस भी देख रहे हैं। ऐसे में ट्रिपल लोड लेने वाले टू-स्टार ओवरलोड बताए जा रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि यहां नया कौन एंट्री लेगा अभी यह तय नहीं है लेकिन कुछ खास चेहरों को तैयार करने की जानकारी कमिश्नरेट के ही अधिकारी दे रहे हैं। वहीं इन सबके बीच चार जून का फिर से वेट होने लगा है। 4 जून के बाद कमिश्नरेट में कई तरीके की तबादला लिस्ट और ट्वीट आने की संभावना भी बनी हुई है। कहने वाले कह रहे हैं कि वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जून में दो प्रमोशन भी हो सकते हैं। जिसके बाद दो एसीपी स्तर के अधिकारियों की सीट भी खाली होने की प्रबल संभावना बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि दोनों सर्किल देहात वाले जोन के होने के साथ ही बराबर वाले हैं। इसी के साथ दो से तीन आईपीएस अधिकारी भी अपने को कमिश्नरेट से दूर होने के लिए प्रयास में जुटे बताए जा रहे हैं। सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि एक अपना तबादला हर हाल में यहां से करने में जुटे हुए हैं। कहा जा रहा है उनका मिशन भी 4 जून के बाद पूरा हो सकता है। वहीं सुनने में आया है कि डीसीपी साहब लोगों को लेकर भी कोई खबर जून में सुनाई दे सकती है। वैसे भी एक साहब ओवर लोड तो दूसरे एक माननीय के निशाने पर आ सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से खास कार्यालय वाले टू-स्टार की टेंशन बढ़ी हुई है ऐसे में कहीं वह किसी कार्रवाई का शिकार ना हो जाए या उनको गुस्से का सामना न करना पड़ जाए। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की खास ऑफिस से हटे दो प्रमुख चेहरे इन दिनों आराम से समय गुजर रहे हैं पर वर्तमान वाले टू-स्टार का एक एक दिन भारी बताया जा रहा है।



## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का किया स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने चुनाव प्रचार

### लखनऊ में कई कार्यक्रमों में लिया भाग





**लखनऊ, करंट क्राइम।** देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। उनके लोकसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए पार्टी के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप भी लखनऊ में कमान संभाल चुके हैं। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने भाजपा विधायक नीरज बोरा के निवास व कार्यालय पर पहुंचकर राजनाथ सिंह के लिए जनसंपर्क किया। उनके समर्थन में विधानसभा क्षेत्र की सामाजिक बैठक में मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जहां विधायक नीरज बोरा ने उनका स्वागत किया।

एनजीओ सम्मेलन व पदयात्रा कार्यक्रम में भी लिया भाग लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के चुनाव को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के स्टार प्रचारक नरेंद्र कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी लोकसभा कार्यालय हवा सिया मार्केट हजरतगंज में राजनाथ सिंह के समर्थन में एनजीओ सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही राजनाथ सिंह के लिए वोट मांगे और लखनऊ की जनता से अपील की कि इस बार राजनाथ सिंह को रिकार्ड मतों से विजयश्री दिलाई जाए। कार्यक्रम में संदीप शाही, संतोष श्रीवास्तव व अरुण प्रताप सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर दीपक तिवारी के कार्यालय कामाख्या स्कूल से भी राजनाथ सिंह के समर्थन में पदयात्रा निकाली गई जिसमें विष्णु वर्मा, दीपक तिवारी व अनिल मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### राजनाथ सिंह की जीत, मोदी सरकार को करेगी मजबूत : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** भाजपा के स्टार प्रचारक नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को मजबूत बनाने के लिए लखनऊ से राजनाथ सिंह की रिकार्ड मतों से विजय आवश्यक है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि राजनाथ सिंह जितनी मजबूत स्थिति में रहेंगे केंद्र की सरकार भी उतनी ही मजबूती से आएगी। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि राजनाथ सिंह को कम से कम 10 लाख वोटों से विजयी बनाया जाए। साथ ही नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह जैसे शीर्ष नेता ही भारतीय जनता पार्टी की ताकत हैं।

### लापता हुई किशोरी बरामद ,आरोपी गिरफ्तार



**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी से दस दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई एक किशोरी को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक किशोरी दस दिन पूर्व लापता हो गई थी। परिजनों ने कृष्णा निवासी अंजोली थाना परतापुर जिला मेरठ पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने किशोरी को मंगलवार सुबह बस स्टैण्ड़ से गिरफ्तार कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी का कहना है कि किशोरी के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पार्षद कुसुम गोयल ने किया थेरेपी केंद्र का उद्घाटन



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वैशाली सेक्टर 1 गुरुद्वारा के परिसर में मंगलवार को डिवाइन टच हीलिंग थेरेपी केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिवाइन टच हीलिंग थेरेपी की मुख्य प्रबंधक डॉक्टर सुखमीत कौर और उनके सहयोगी शशांक तिवारी बलजीत सिंह संजू उपस्थित रहे। यह संस्था दिल्ली पीतमपुरा में लगभग 9 साल से कार्य कर रही है, काफी दूर-दूर से इनके पास लोग इलाज कराने आते हैं और ठीक होकर जाते हैं, बिना दवाइयों का यह इलाज आज के आधुनिक युग में कारगर साबित हो रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी गौरव अग्रवाल, सरदार राजेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, सतपाल सिंह, अमरजीत सिंह, सरबजीत सिंह, प्रताप सिंह, अवतार सिंह, विमल भट्ट, प्रार्थना जुयाल, बीके खत्री, कुलवंत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# अनन्या पांडेय ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा में किए 97% अंक हासिल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बाल भारती पब्लिक स्कूल, बृज बिहार की अनन्या पांडेय ने 10वीं सीबीएसई बोर्ड के मुख्य विषयों में 97% अंक हासिल किए। साइंस 97, मैथ्स 95 वहीं एसएसटी में 99% अंक हासिल किए।अनन्या की सफलता पर लगातार स्कूल के शिक्षकों, इंस्टीट्यूट के शिक्षकों , दोस्तों , रिश्तेदारों की शुभकामनाएं प्राप्त हो रहीं हैं, पर अनन्या अपने रिजल्ट पर उतनी खुश नहीं हैं।

अपने आप से उनकी अपेक्षा 98-99% लाने की थी। हालांकि अपने साइंस और एसएसटी के मार्क्स से वह उत्साहित हैं। अनन्या के माता- पिता अपनी बेटी के रिजल्ट से काफी खुश हैं। उनके पिता राकेश पांडेय नॉर्दर्न रेलवे में फाइनेंस ऑफिसर हैं तो वहीं उनकी मां अनुपमा पांडेय अपार्टमेंट टाइम्स न्यूज पेपर में एडमिन एचआर के पद पर कार्यरत हैं। अनन्या के पिता ने पूछने पर कहा कि मैं अपने बेटी के रिजल्ट से बहुत खुश हूं। मेरी बेटी ने साइंस, मैथ्स और एसएसटी के मार्क्स में एक कंसिस्टेंसी बना कर रखी है जो कि उसे आगे की पढ़ाई में भी मोटिवेट करता रहेगा। वहीं अनन्या की मां ने बताया कि अनन्या बचपन से हीं बहुत मेधावी रही है। मुझे विश्वास था कि मेरी बेटी बेहतर करेगी।

# सीबीएसई की परीक्षा में सेंट एग्जेवियर वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने की विशेष उपलब्धि हासिल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित सेंट एग्जेवियर वर्ल्ड स्कूल के छात्र- छात्राओं ने सीबीएसई की 12 वीं तथा 10वीं की परीक्षा में महत्वपूर्ण अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। अक्षंत्य ठाकुर ने 98.8% अंक हासिल किये। अंग्रेजी में उन्होंने 99,मैथ्स में 99 तथा फिजिक्स में 98% अंक प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। कुणाल त्यागी ने 12वीं की परीक्षा में 98.4% अंकों की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कैमिस्ट्री में 98, फिजिक्स में 97, फिजीकल एजूकेशन में 96, मैथ्स में 96% अंक हासिल किये। इसी तरह 12वीं की परीक्षा में अनुश्री झा ने 95% अंक प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ साथ अपने स्कूल का भी नाम रोशन किया। अनुश्री ने हिस्ट्री में 99, कम्प्यूटर सांइस में 99, पॉलिटिकल सांइस में 97 और अंग्रेजी में 98% अंक प्राप्त किये।




इसी तरह सीबीएसई 10वीं के छात्रों ने भी अच्छे अंकों के साथ विशेष उपलब्धि हासिल की है। वृहद तिवारी ने एसएसटी, मैथ्स और सांइस में क्रमशः 98,97 और 98% अंक लेकर स्कूल की ख्याति में चार चांद लगाये। श्रेयांशी ने अंग्रेजी, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं हिंदी में क्रमशः 99,96,98%५पाकर स्कूल को गौरवान्वित किया। इसी तरह आन्या कश्यप ने 92%, तविश त्यागी ने 91.3% अंक हासिल किये। जिया जैन ने 90.4% तथा श्रेयांशी भट्ट ने 90% अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और माता पिता का नाम रोशन किया।




## बर्थडे केक से ही दूरी थी माननीय जी के लिये ना दूरी ना मजबूरी

भगवा फोर्ट में वोट वाले सीजन में बर्थडे का केक आया। न्यौता वैसे तो सोशल मीडिया पर आया और सुना है कि इस वाली दावत को लेकर अदंरखाने बगावत तय हो गई। लोटे में साल्ट डल गया कि अगर कोई भी गया तो फाल्ट माना जायेगा। तो हैप्पी बर्थडे की बेला में कोई गंगा के तट पर तो कोई राक गार्डन वाले नेकचंद की नगरी में पर्चा भरवा रहे थे। जिन्हे हैप्पी बर्थडे गाना था वो भरी दोपहरी में भी गा रहे थे। लेकिन जब विधायक जी ने चुनाव प्रचार से बंक मारा और वो मजबूरी से लेकर दूरी को एक साईड में रखकर माननीय जी के चुनाव प्रचार में पहुंचे। सुना है उन्होने कह भी दिया कि स्कूल टाईम में बंक मारते थे और अब चुनावी डयूटी में बंक मारा है। लेकिन उन्होने बात को वहां तक पहुंचा दिया जहां तक पहुंचाना था। बस बर्थडे केक से ही दूरी थी वरना देख लो माननीय जी के लिये ना दूरी कुछ रही ना मजबूरी कुछ रही। समय भी भरपूर दिया और बिना कहे ही कह दिया कि ठाकुर तो हमारे माननीय जी ही थे और वो ही रहेगें।

## पुलिस अफसर की शादी में किस नीले नेता ने किया ब्लैक कपड़ो में डांस

वो ब्लू लीडर हैं और अफसरों के करीब रहने की पूरी कोशिश करते हैं। जब आईएएस पांडे जी गाजियाबाद रिर्टन हुये तो हाथी वाले नेता ने उन्हे अपना चाचा बताया। लेकिन अफसर जब रिर्टन होता है तो कई चीजे टर्न हो जाती हैं। लिहाजा नीले नेता के अफसर चचा ने कतई घास नही डाली। अफसर का कलर केसरिया हो गया था और ब्लू वाला मामला ब्लर हो गया था। अब नीले नेता पुलिस के अफसरों से नजदीकी बढ़ा रहे हैं। उनके शादी ब्याह में भी जा रहे हैं। यहां तक तो ठीक था लेकिन पुलिस अफसर की शादी में नीले नेता का काले कपड़ो में डांस बता रहा है कि हाथी के महावत को ज्यादा ही खुशी थी। बताने वाले बता रहे हैं कि वो हाथी वाले जरूर है लेकिन शादी में वो फुल मूड मे थे और आप उनकी इस खुशी वाले डासं को टल्ली डांस भी कह सकते थे साहब।

## अभी तो देखना कि हर गली से विधायक टिकट का दावेदार निकलेगा

लखनऊ दिल्ली वाले टिकट विधाताओं से बात करों तो पता चलता है कि अभी तो 12 बीघें में दाना नही हैं और यहां तूफान मचा हुया है गली मौहल्लों में। जिनकी पार्षदी का छींका लहर के भाग्य से फूटा है वो भी विधानसभा के टिकट के लिये भागे भागे फिर रहे हैं। सीट मेल है और जनरल हैं लेकिन तूफान फीमेल मोर्चा से उठ रहा है और ओबीसी से लेकर दलित तक आ लिये है विधायक बनने की लाईन में। किसे समझाये और किसे रोके के सवाल पर फ्लावर वाले ने ही कहा कि दावेदारी के इस फायर के पास भी मत जाओ। किसी को भी मत रोको भईया और अभी तो आप देखना कि लोकसभा का रिजल्ट आने के बाद हर गली से विधायक के टिकट का दावेदार निकलेगा।

## 4 लाख प्लस से होगी अतुल गर्ग की जीतः मनोज भाटी



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज भाटी ने कहा है कि इस चुनाव में अतुल गर्ग को भारी बहुमत से जीत मिलने वाली है उन्हें सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि अतुल गर्ग कम से कम 4 लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे जिसका श्रेय गाजियाबाद की समस्त जनता को जायेगा। मनोज भाटी ने कहा कि अतुल गर्ग ने पहले भी गाजियाबाद के विकास के लिए बहुत काम किये हैं और आगे भी इसी तरह से करते रहेंगे।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने किया सम्मेलन का आयोजन




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने नगरपालिका खोड़ा के तत्वाधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव और ब्राह्मण सम्मेलन हनुमान मन्दिर कला एन्क्लेव में मनाया। सम्मेलन के अध्यक्ष पं. उपेन्द्र मिश्रा, मुख्य अतिथि पं.जयनन्द शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। नगरपालिका परिषद के पू. सभासद जिला सचिव पं. पंकज त्रिपाठी, खोड़ा इकाई के अध्यक्ष पं. रूपचन्द्र तिवारी, महामंत्री पं. रंजीत पाण्डेय, मंत्री सन्तोष मिश्रा , अंकित दूबे, दिनेश शुक्ला, अमित शुक्ला, रवि गोस्वामी, विजय झा, आदेश पाण्डेय, अंजेश शर्मा, दीपक आजाद, पं. मानवेन्द्र मिश्रा, नवदीप मिश्रा व ब्राह्मण समाज के सभी सम्मानित लोग उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के बाद भगवान शपरशुराम की आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

## वार्ड-87 के पार्षद अनुज त्यागी ने क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान कराया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 87 ज्ञान खंड-4 के निवासियों ने मदर डेयरी कॉलोनी में बिजली के जर्जर पोल की समस्या से पार्षद अनुज त्यागी को अवगत कराया। पार्षद अनुज त्यागी क्षेत्र के लोगों को साथ लेकर बिजली विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मृत्युंजय पाठक से मिले। श्री पाठक ने तत्काल पोल ठीक करने वाली कंपनी को लेटर जारी किया और दो-तीन दिन में पोल बदल जाने का आश्वासन दिया।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटियां जब सफल होती हैं तो पिता की खुशी सबसे अलग होती है। सुशांत गोयल की बिटिया ने कक्षा 10 में93 प्रतिशत अंक और भांजी ने कक्षा 12 में92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तो इस कामयाबी का गौरव सुशांत गोयल ने फेसबुक पर साझा किया। बेटियों की सफलता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।


## शोक सन्देश



॥ ॐ शाँति ॥

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, मेरे छोटे भाई श्रीमान रवि मावी जी का स्वर्गवास दिनांक 03 May, 2024 को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी आत्मा की शान्ति हेतु तेरहवीं दिनांक 15 May, 2024 को सुनिश्चित की गयी है।

**बुद्धवार, दिनांक 15 May 2024**

हवन..................... प्रातः 09:00 बजे

श्रद्धांजलि..................... प्रातः 11:00 बजे से

स्थान- गांव टीला शहबाजपुर, लोनी, गाज़ियाबाद

शोकाकुलः
योगेंद्र मावी



## श्रद्धांजलि सभा



अत्यंत दुःख का विषय है कि

**स्व. श्रीमती कमला देवी जी**

(धर्मपत्नी नरेश चड्ढा निवासी- गाजियाबाद)

का देहावसान **सोमवार दिनांक 6 मई 2024** को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी
प्रभु माताजी को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे।

श्रद्धांजलि सभा (शुक्रवार, 17 मई 2024)
हवन - प्रातः 8 बजे
ब्रह्मभोज - 10 बजे
श्रद्धांजलि सभा - 2 बजे से 3 बजे

स्थान : स्वयंभू शिव मंदिर, सी. ब्लॉक गुरुद्वारा के सामने कविनगर, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार

**अनुराग चड्ढा (पुत्र)**
**एडीटर-इन-चीफ न्यूज 1 इंडिया**
**प्रधान संपादक- दैनिक हिन्ट**
ज्योति चड्ढा (पुत्र)
सावन चड्ढा(पुत्र)
वंदना चड्ढा (पुत्री)

पूनम चड्ढा (पुत्रवधु)
तनु चड्ढा (पुत्रवधु)
राखी चड्ढा (पुत्रवधु)

राजेन्द्र चड्ढा (देवर)
विवेक चड्ढा (भतीजा)
अंकित चड्ढा (भतीजा)
शिक्षित चड्ढा (भतीजा)

रियांश चड्ढा (पौत्र)
अभीवंश चड्ढा (पौत्र)
रुद्रांश चड्ढा (पौत्र)
युवान चड्ढा (पौत्र)
अनुष्का चड्ढा (पौत्री)
निमिषा चड्ढा (पौत्री)
प्रियांशी चड्ढा (पौत्री)